# गीडा में 6139 करोड़ के निवेश की खुलेगी राह

## 29 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे स्थापना दिवस के तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ, तैयारियां अंतिम दौर में

**गीडा स्थापना समारोह**

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** गीडा के 36वें स्थापना दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीन दिवसीय गीडा दिवस का शुभारंभ 29 नवम्बर को मुख्यमंत्री के हाथों होगा। इस दिन मुख्यमंत्री करोड़ों की विकास परियोजनाओं के साथ पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र देंगे। चालू वित्तीय वर्ष में 8.71 लाख वर्ग मीटर भूखंड का आवंटन 116 निवेशकों को किया जा चुका है। इससे 6139 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरेगा और 11 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा।

स्थापना दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम में 134 करोड़ 15 लाख रुपये की निवेश वाली 38 यूनिटों का शिलान्यास और 123 करोड़ 82 लाख रुपये के निवेश से तैयार 33 यूनिटों का लोकार्पण भी सीएम के हाथों होना भी प्रस्तावित है। लोकार्पण और शिलान्यास वाली इन यूनिटों से 2700 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

**11000**

**हजार से अधिक लोगों को निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष रोजगार मिलने की संभावना**

- **पिछले आठ साल में पूर्वांचल के औद्योगिक विकास का ग्रोथ इंजन बना गीडा**

गीडा की सीईओ अनुज मलिक के मुताबिक, स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय व्यापार मेला लगेगा। इसमें बड़ी कंपनियों के उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों, खासकर ओडीओपी का भी जलवा देखने को मिलेगा।

स्थानीय उत्पादों और ओडीओपी को बेहतर मंच देने के लिए अलग स्टॉल होंगे। गीडा द्वारा विकसित किए जा रहे विभिन्न औद्योगिक सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 114 कार्यों (लागत 408 करोड़ रुपये) का लोकार्पण और शिलान्यास भी गीडा दिवस पर सीएम योगी के हाथों प्रस्तावित है।



**नाइलिट से प्रशिक्षित युवाओं को मिलेगा प्रमाण पत्र:** गीडा ने स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ एमओयू हस्ताक्षरित कर 9,280 वर्गमीटर का कैम्पस, मय निर्मित भवन निशुल्क उपलब्ध कराया है। अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 817 युवाओं को प्रशिक्षण मिला है। स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री , नाइलिट गीडा केंद्र से प्रशिक्षित 5 युवाओं को प्रमाण पत्र वितरण करेंगे।

**आठ साल में बदली है गीडा की तस्वीर:** गीडा की स्थापना 30 नवंबर 1989 को हुई थी, लेकिन निवेशकों का रुझान यहां 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बढ़ा। पिछले दिनों में मल्टीनेशनल पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेज का 1100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित बॉटलिंग प्लांट यहां पहले से उत्पादनरत है। कोका कोला के प्लांट का भूमि पूजन हो चुका है। इसके लिए गीडा सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटित है। पहले चरण में यहां 700 करोड़ रुपये के निवेश से प्लांट लगाया जा रहा है। नए दौर में रिलायंस समूह के स्वामित्व वाले कैम्पा ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक की यूनिट लगाने के लिए भी गीडा के धुरियापार टाउनशिप में जमीन पसंद की गई है।

# पांच वर्ष किराए या 90 साल की लीज पर करें आवंटन

- **फ्लैटेड फैक्ट्री के आवंटन को लेकर गीडा ने उद्योग से जुड़े संगठनों से मांगा है सुझाव**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण जनवरी 2026 में पूरा हो जाएगा। इसके बाद गीडा इन फैक्ट्रियों का आवंटन शुरू करेगा। शुरुआत में यहां रेडीमेड गारमेंट उद्योग पर ध्यान केंद्रित किया गया था, लेकिन अब दायरा बढ़ाने का फैसला किया गया है। इसके लिए गीडा ने औद्योगिक संगठनों से सुझाव मांगे हैं ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि रेडीमेड गारमेंट के अलावा किन अन्य उद्योगों को इन फैक्ट्रियों का आवंटन किया जा सकता है।

चेंबर आफ इंडस्ट्रीज की ओर से फ्लैटेड फैक्ट्री को पांच वर्ष के किराए पर आवंटित करने या 90 वर्ष की लीज पर आवंटित करने का सुझाव दिया गया है। लीज की स्थिति में 30 प्रतिशत भुगतान के बाद शेष 70 प्रतिशत राशि को जमा करने के लिए कम से कम 10 वर्ष का समय देने और आवंटन या लीज देने की स्थिति में सभी तरह के प्रदूषण रहित उद्योगों को प्राथमिकता देने का भी सुझाव दिया है।

लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष दीपक कारीवाल का कहना है कि छोटे-छोटे उद्यम से जुड़े सेक्टर शीघ्र स्थापित होने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए बड़े स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं।

> फ्लैटेड फैक्ट्री जनवरी में बनकर तैयार हो जाएगी। आवंटन प्रक्रिया के संबंध में औद्योगिक संगठनों से सुझाव मांगा गया है। उद्योग से जुड़े संगठनों से मिले सुझावों के आधार पर आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
>
> **-राम प्रकाश,** एसीईओ, गीडा